तारीख हुक्म	**संतोष टाक बनाम लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 306/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.10.22	अपीलार्थी संतोष टाक निवासी ग्राम नागलवास, तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 17.06.2022 में उसके द्वारा (1) ग्राम नागलवास में हो रहे अवैध अतिक्रमण के संबंध में गांव नागलवास के जागरूक नागरिक जबराराम द्वारा ई–मेल तथा डाक के द्वारा विभिन्न शिकायतें भेजी गई, सभी शिकायतों पर की गई कार्यवाही से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर–प्रथम, जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	